पंजाब केसरी
MON,17 AUGUST 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# बोर्ड परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

## 30 सितम्बर तक भर सकेंगे फॉर्म


धर्मशाला, 16 अगस्त (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने परीक्षा व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और आधुनिक बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत मार्च 2027 में आयोजित होने वाली नियमित परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों के प्रतिधारण और नवीनीकरण की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है।

इसके तहत प्रदेश भर के शिक्षण संस्थानों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। जो विद्यालय अपने संस्थान को परीक्षा केंद्र के रूप में बरकरार रखना चाहते हैं, वे 1 से 30 सितम्बर तक बोर्ड की वैबसाइट पर सामान्य शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद आवेदन करने पर कड़ा विलंब शुल्क लागू होगा।

1 से 15 अक्तूबर तक 1,000 रुपए और 16 से 31 अक्तूबर तक 2,000 रुपए लेट फीस देनी होगी। यदि कोई संस्थान 31 अक्तूबर तक भी आवेदन नहीं करता है, तो उसके मामले पर केवल बोर्ड सचिव या अध्यक्ष की विशेष अनुमति मिलने पर ही विचार किया जाएगा।

इसके लिए संस्थान को 5,000 रुपए विलंब शुल्क और नियमानुसार दंड देना होगा।

**परीक्षा** प्रणाली को पारदर्शी, निष्पक्ष और तकनीक-सक्षम बनाना हमारी प्राथमिकता है। इस ऑनलाइन व्यवस्था से स्कूलों को घर बैठे आवेदन की सुविधा मिलेगी और पूरे सिस्टम में जवाबदेही तय होगी। परीक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



- डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड

Divya Himachal Dt.17-08-2026

# ओपन स्कूल परीक्षाओं में ड्यूटी को शिक्षकों से मांगे आवेदन

नगर संवाददाता — धर्मशाला

■ 25 तक बोर्ड की वेबसाइट पर कर सकेंगे अप्लाई

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सितंबर-अक्तूबर 2026 में होने वाली राज्य मुक्त विद्यालय (एसओएस) परीक्षाओं की तैयारियां शुरू कर दी हैं। परीक्षा केंद्रों पर केंद्र अधीक्षक और उप-अधीक्षकों की नियुक्ति के लिए बोर्ड ने पात्र शिक्षकों से 14 अगस्त से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि इच्छुक और पात्र शिक्षक 25 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन बोर्ड की वेबसाइट पर 'अंडर स्कूल लॉगिन' या 'अंडर ऑनलाइन सर्विसेज' के माध्यम से किया जा सकेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि में केवल ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर ही विचार किया जाएगा। डाक या अन्य ऑफलाइन माध्यम से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य मुक्त विद्यालय की परीक्षाओं में विभिन्न वर्गों और आयु समूहों के विद्यार्थी शामिल होते हैं, इसलिए परीक्षा केंद्रों पर पात्र और अनुभवी शिक्षकों की तैनाती आवश्यक है। बोर्ड ने पात्र शिक्षकों से अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना आवेदन करने तथा सभी आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक दर्ज करने का आग्रह किया है।

Dainik Jagran Dt.17-08-26

# केंद्रों के नवीनीकरण के लिए 30 सितंबर तक आवेदन

**धर्मशाला** : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च-2027 के परीक्षा केंद्रों के नवीनीकरण के लिए आनलाइन आवेदन मांगे हैं। बोर्ड अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि विद्यालय एक से 30 सितंबर तक निर्धारित सामान्य शुल्क के साथ बोर्ड की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एक से 15 अक्टूबर तक 1,000 तथा 16 से 31 अक्टूबर तक 2,000 रुपये के विलंब शुल्क के साथ ही फार्म स्वीकार किए जाएंगे। यदि कोई संस्थान 31 अक्टूबर तक भी आवेदन नहीं करता है तो बोर्ड सचिव या अध्यक्ष की स्वीकृति के उपरांत ही विचार होगा। (जासं)

Anant Gyan Dt.17-08-2026

# बोर्ड ने मार्च-2027 परीक्षा केंद्रों के नवीनीकरण के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च 2027 में होने वाली नियमित परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों के प्रतिधारण एवं नवीनीकरण की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू कर दी है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि संबंधित विद्यालय 1 से 30 सितंबर 2026 तक बिना विलंब शुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। 1 से 15 अक्टूबर तक 1,000 रुपये तथा 16 से 31 अक्टूबर तक 2,000 रुपये विलंब शुल्क लगेगा। 31 अक्टूबर के बाद विशेष अनुमति से 5,000 रुपये शुल्क के साथ आवेदन स्वीकार होगा। बोर्ड ने सभी दिशा-निर्देश वेबसाइट पर उपलब्ध करवाए हैं। डॉ. शर्मा ने लापरवाही न बरतने की अपील की।

## Himachal Dastak Dt.17-08-26


### मार्च-2027 परीक्षा केंद्रों के नवीनीकरण के लिए एक सितंबर से करें आवेदन

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने मार्च-2027 की नियमित परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों के प्रतिधारण एवं नवीनीकरण की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू कर दी है। संबंधित विद्यालय 1 से 30 सितंबर तक बिना विलंब शुल्क आवेदन कर सकते हैं। 1 से 15 अक्तूबर तक 1,000 और 16 से 31 अक्तूबर तक 2,000 विलंब शुल्क लगेगा। इसके बाद आवेदन विशेष अनुमति और 5,000 विलंब शुल्क के साथ ही स्वीकार होंगे। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन प्रक्रिया से परीक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। उन्होंने संस्थानों से समय रहते आवेदन करने और बोर्ड के दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की।

AUGUST 17, 2026 MONDAY
HIMACHAL PRADESH
The Sunny Times

# HIMACHAL BOARD MANDATES ONLINE APPLICATIONS FOR EXAM CENTRE RETENTION AND RENEWAL

*Sunny Mahajan | Dharamshala*



In a major push toward complete transparency and modernization, the Himachal Pradesh Board of School Education has officially launched the online application process for the renewal and retention of examination centers for the regular exams scheduled for March 2027. Announcing the initiative, Board President Dr. Rajesh Sharma emphasized that leveraging digital systems will eliminate any room for negligence and establish a robust, fair, and accountable examination framework across the state.

Educational institutions wishing to retain or renew their status as official examination centers can submit their applications online through the board's website starting September 1 through September 30, 2026, without incurring any late fees. For those who miss the initial window, the board has implemented a strict tiered late-fee structure: applications submitted between October 1 and October 15, 2026, will require a late fee of ₹1,000, while submissions between October 16 and October 31, 2026, will attract a ₹2,000 penalty. Any requests made after October 31 will only be entertained under special approval from the board secretary or president, subject to a heavy late fee of ₹5,000 along with other stringent penalties.

Highlighting the importance of this digital transition, Dr. Sharma stated that absolute accountability is the top priority and warned that carelessness in the examination system will not be tolerated. He noted that the online system is designed to provide seamless convenience to schools while strengthening the core foundation of a credible academic evaluation process. To ensure a smooth process, all necessary guidelines, rules, and application forms have been uploaded to the "Download" section of the board's official website. School authorities are strongly advised to thoroughly review these instructions and complete their applications well before the deadlines to protect students' best interests.